आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 जून 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दुनिया को बताने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की बैठक, तैंतिस देशों की यात्रा कर चुके प्रतिनिधिमंडल के कार्यों को सराहा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में गिनाईं एनडीए सरकार के ग्यारह वर्षों की उपलब्धियां, कहा–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैन्य शक्ति बन कर उभरा है भारत।
- बहराइच पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में लिया हिस्सा, जिले को एक हजार दो सौ तैंतालिस करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं की दी सौगात।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के मुख्य सचिव, कम लागत में अधिक मुनाफे वाली कृषि को बढ़ावा देने पर दिया बल।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की मेजबानी और बैठक की, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख से अवगत कराने के लिए हाल ही में तैंतिस देशों का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न दलों के सांसद, पूर्व सांसद और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न देशों की अपनी यात्राओं के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के लिए नई दिल्ली की प्रतिबद्धता को उजागर किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने देश की आवाज को जिस तरीके से आगे बढ़ाया उस पर हम सभी को गर्व है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्ष में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में सरकार की प्रतिबद्धता पर एक लेख भी साझा किया। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक पोस्ट के जवाब में श्री मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार देश को डिजिटल कनेक्टिविटी में विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के ग्यारह साल पूरे होने के अवसर पर नरेन्द्र मोदी ऐप या नमो ऐप पर शुरू किए गए जन मन सर्वेक्षण के पहले दिन ही देश भर से पांच लाख से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा के सर्वेक्षण में शामिल होने का आग्रह किया था। यह सर्वेक्षण लोगों को सरकार के साथ अपनी प्रतिक्रिया और राय सीधे साझा करने के लिए मंच प्रदान करता है। यह सर्वेक्षण सुनिश्चित करता है कि लोगों की आवाज सुनी जाए और भविष्य की नीतियों को बनाने में विचार किया जाए। पहले दिन ही पांच लाख से अधिक प्रतिक्रियाओं के साथ ये सर्वेक्षण सीधे और सार्थक तरीके से लोगों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रशांत कुमार।**

**********

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में हम आत्मनिर्भरता के माध्यम से रक्षा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक शक्ति बनाने के प्रयासों पर जानकारी दे रहे हैं।

**2016 की सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर, 2025 में, ऑपरेशन सिंदूर तक, संदेश स्पष्ट है। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया में एक महत्वपूर्ण क्षण था। एक सटीक, समन्वित मिशन, जिसमें देश के वीर जवानों ने सीमा पार नौ आतंकी शिविरों को बेअसर कर दिया जो पहलगाम आतंकी हमले का एक तत्पर और निर्णायक जवाब साबित हुआ। स्वदेशी विनिर्माण ने इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएनएस विक्रांत से लेकर लम्बी ऊंचाई वाले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर एलसीएच प्रचंड तक, भारत आत्मविश्वास के साथ डिजाइन और तैनाती कर रहा है। वहीं, आईडीईएक्स जैसी पहल, स्टार्टअप और एमएसएमईज भारतीय सुरक्षा बलों के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान कर उन्हें और अधिक सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, रक्षा निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 23 हजार 622 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2014 से 34 गुना की वृद्धि है। 5 हजार से**

**अधिक वस्तुएं अब सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची में शामिल हैं और मौजूदा वित्त वर्ष में, रक्षा पूंजी अधिग्रहण का 75 प्रतिशत बजट, घरेलू उत्पादन के लिए निर्धारित किया गया है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का कल अवलोकन किया। इस दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सैन्य शक्ति बनकर उभरा है जिसकी ताकत दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखी ।

मुख्यमंत्री ने पंच प्रण का जिक्र करते हुए कहा कि यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता तथा नागरिक कर्तव्य का पालन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार गरीब, शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। उन्होंने कहा कि आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय हो सकता है, विरासत भी विकास का माध्यम बन सकती है यह हम सबने महाकुंभ के माध्यम से देखा है।

**प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता को जिन ऊंचाईयों तक पहुंचाया था आपने उसको महसूस किया होगा। कैसे उसके माध्यम से हमने एक नए भारत का दर्शन किया। आस्था के माध्यम से आर्थिकी के पांच नए कॉरिडोर यूपी के अंदर बनते हुए दिखाई दिए।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बहराइच के चित्तौरा ब्लॉक की मसीहाबाद ग्रामसभा में महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने चालीस करोड़ रुपये की लागत से बने महाराजा सुहेलदेव स्मारक का उद्घाटन और उनकी कांस्य की चालीस फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने एक हजार दो सौ तैंतालिस करोड़ रुपये की लागत वाली तीन सौ चौरासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में महाराजा सुहेलदेव को जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला।

**महाराज सुहेलदेव को जो इतिहास में सम्मान मिलना चाहिए था, नहीं मिला। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के विरासत और विकास के इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की सरकार ने संकल्प लिया था कि भव्य स्मारक का लोकार्पण बहराइच के चित्तौरा नामक स्थान पर एक कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।**

प्रदेश के स्टांप और पंजीयन राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कल वाराणसी जिले के सारनाथ में महाराजा सुहेलदेव स्मृति द्वार का लोकार्पण किया।

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल बाराबंकी जिले के देवा ब्लॉक के कुसुम्भा गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान संबंधी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कम लागत में अधिक मुनाफे वाली कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इसी दिशा में काम कर रही है ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके।

**********

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समाजवादी चिंतक और पूर्व सांसद स्वर्गीय गौरीशंकर राय की जयंती पर कल बलिया जिले के करनई में विचार गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने स्वर्गीय गौरीशंकर राय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर, पूर्व मंत्री नारद राय, राजधारी सिंह और राम गोबिंद चौधरी प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

**********

भीषण गर्मी के बीच मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज से, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल से सोलह जून तक कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने आज और कल कहीं कहीं लू चलने की भी चेतावनी जारी की है।

**********